# कार्यालय कलेक्टर ,जिला आगर -मालवा (म.प्र.)

आगर-सांरगपुर रोड आगरमालवा-465441- फोन नं.(O) 07362-292100, (Fax)292102
E-mail: dmagarmalwa@nic.in, Website:- www.agarmalwa.mp.gov.in

क्रमांक/रीडर/2023/378 आगर-मालवा, दिनांक 17/08/2023

प्रति,

वन मंडलाधिकारी
वन मण्डल शाजापुर

विषय:- ई.एम.आई.एल. माइन्स एण्ड मिनिरल रिसोर्सेस लिमिटेड बन्धा कोल ब्लॉक में प्रभावित 807.917 हेक्टेयर वनभूमि के एवज मे वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु 23.00 हेक्टेयर शासकीय राजस्व भूमि उपलब्ध कराने बाबत्।

संदर्भ:- तहसीलदार , तहसील आगर जिला आगर मालवा का पत्र क्रमांक/ रीडर/ 2023/786 आगर दिनांक 10/08/2023

--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत ई.एम.आई.एल. माइन्स एण्ड मिनिरल रिसोर्सेस लिमिटेड द्वारा दिनांक 11/07/2023 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ई.एम.आई.एल. बंधा कोल ब्लॉक में प्रभावित 807.917 हे. वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु क्षतिपुर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए वन विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार 23.00 हेक्टेयर समतुल्य अतिक्रमण मुक्त शासकीय भूमि की आवश्यकता है। इस तारतम्य में पत्र में उल्लेखित ग्राम घुराशिया तहसील आगर जिला आगर मालवा में सर्वे क्रमांक 194 रकबा 40.080 में से 23.00 हे. शासकीय भूमि. उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया है।

2/ उक्त संबंध में संदर्भित पत्र में तहसीलदार बडौद द्वारा तहसील आगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 194 रकबा 40.080 हे. में से 23.00 हेक्टेयर भूमि के संबंध में जानकारी प्रेषित की गयी है।

3/ अतः संदर्भित पत्र में प्राप्त अतिक्रमण मुक्त राजस्व भूमि की जानकारी आपकी ओर भेजकर अनुरोध है कि आप उक्त भूमि वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है कि नहीं ? इस संबंध में अपना अभिमत देने का कष्ट करें।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार

प्रभारी अधिकारी
रीडर शाखा कलेक्टर कार्यालय
जिला आगर मालवा (म.प्र.)